चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

Chaudhary Charan Singh University, Meerut

E.mail : ar.affiliation@ccsuniversity.ac.in NAAC A++ Website : www.ccsuniversity.ac.in

पत्रांकः–सम्बद्धता /3370 /2026–27 दिनांक : 16.11.2026

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ

विषयः– दिनांक 12 जनवरी, 2027 को स्वामी विवेकानन्द जी की 164 वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित करने एवं संकलित बुकलेट उपलब्ध कराये जाने के संबंध में ।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विशेष कार्याधिकारी, श्री राज्यपाल (अपर मुख्य सचिव), राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र संख्याः ई–7694/32–जी.एस./2026 दिनांक 14 नवम्बर, 2026 का सन्दर्भ ग्रहण करे, जो कि दिनांक 12 जनवरी, 2027 को स्वामी विवेकानन्द जी की 164 वीं जयंती (राष्ट्रीय युवा दिवस) के अवसर पर युवाओं में राष्ट्रनिमार्ण, चरित्र विकास एवं स्वामी जी के आदेशों के प्रचार–प्रसार हेतु विश्वविद्यालय/महाविद्यालय/संस्थानों द्वारा विविध शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं प्रेरणादायी कार्यक्रमों का आयोजन के सम्बन्ध में है।

उक्त के सम्बन्ध में श्री राज्यपाल (अपर मुख्य सचिव), राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा दिये गये निर्देशों एवं मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार आपको निर्देशित किया जाता है कि आप स्वामी विवेकानन्द जी की 164 वीं जयंती के अवसर भव्य एवं सार्थक कार्यक्रमों का आयोजन कराते हुये कार्यक्रम के समापन के उपरान्त आयोजित गतिविधियों, संक्षिप्त विवरण एवं चयनित छायाचित्रों (फ़ोटोग्राफ्स) दिनांक 14.01.2027 तक समन्वयक, साहित्य सांस्कृतिक परिषद, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ की ईमेल आई0डी0–**sahityiksanskritikparishad@gmail.com** पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय
16/11/26
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01. वैयक्तिक सहायक कुलपति को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. प्रो0 के0 के0 शर्मा, समन्वयक, साहित्य सांस्कृतिक परिषद, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
03. प्रभारी प्रैस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
04. प्रभारी विश्वविद्यालय बेवसाइट चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
05. सम्बन्धि पत्रावली।

कुलसचिव